


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, गुरुवार, 23 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 200 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## 27 लाख में से सिर्फ 139 को मिली वोट देने की मंजूरी

### ● SIR में कटा है नाम



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बने ट्रिब्यूनलों ने पश्चिम बंगाल में सिर्फ 139 लोगों के वोट देने के अधिकार बहाल किए हैं। ये लोग उन 27 लाख से ज्यादा नामों में से सिर्फ 0.005झ हैं, जिन्हें पहले चरण में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एर्इं) के तहत न्यायिक जांच के दौरान वोटर लिस्ट से हटा दिया गया था। यह फैसला गुरुवार को बंगाल विधानसभा चुनावों के पहले चरण की वोटिंग से ठीक पहले आया। मालूम हो कि एर्इं के बाद बंगाल में वोटरों की संख्या 7.6 करोड़ से घटकर 6.8 करोड़ रह गई है। इसके साथ ही, न्यायिक अधिकारियों ने पहले जोड़े गए आठ नाम सप्लीमेंट्री लिस्ट से हटा दिए हैं। वहीं, कुल 34 लाख अपीलों में से, ट्रिब्यूनलों ने अब तक सिर्फ 147 अपीलों का निपटारा किया है।

## बंगाल में वोटिंग के बीच बीजेपी की महिला प्रत्याशी की कार पर हमला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच हिंसा की घटनाएं थम नहीं रही हैं. मुर्शिदाबाद, दक्षिण दिनाजपुर के बाद अब आसनसोल से हिंसा की खबर सामने आई है. आसनसोल में भीड़ ने बीजेपी की महिला प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला किया है। इस हमले में बीजेपी प्रत्याशी की कार के कांच टूट गए. अग्निमित्रा पॉल आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार हैं। बताया गया कि अग्निमित्रा पॉल की कार पर ईंटें और पत्थर फेंके गए, जिससे उनके कार की खिड़कियां टूट गईं. बाद में इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, ताकि इसकी जांच की जा सके। घटनास्थल का एक वीडियो भी सामने आया है. जिसमें बीजेपी प्रत्याशी कार के सामने खड़ीं नजर आ रही हैं।

## अमित जोगी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, सजा और दोषसिद्धि पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के बेटे अमित जोगी को बड़ी राहत देते हुए उनकी सजा पर रोक लगा दी। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अमित जोगी को एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और विजय बिश्नोई की पीठ ने अमित जोगी की विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। अमित जोगी ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें बरी करने वाले ट्रायल कोर्ट के फैसले को पलटते हुए दोषी करार दिया गया था और आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले की आगे की सुनवाई पूरी होने तक अमित जोगी की सजा पर रोक रहेगी।

## मालेगांव धमाके में बॉम्बे हाईकोर्ट ने चार आरोपियों को किया बरी

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2006 मालेगांव बम धमाका मामले में अहम फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया है। अदालत ने मामले की जांच पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह केस अब डेड एंड यानी ऐसे मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां से सच्चाई तक पहुंचना मुश्किल नजर आता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों की परस्पर विरोधी कहानियों ने पूरे मामले को उलझा दिया है। हाईकोर्ट ने राजेंद्र चौधरी, धन सिंह, मनोहर राम सिंह नरवरिया और लोकेश शर्मा को राहत देते हुए कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने लायक पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अदालत ने सितंबर 2025 में विशेष अदालत द्वारा तय किए गए आरोपों को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि विशेष अदालत ने आरोप तय करते समय उपलब्ध साक्ष्यों और विरोधाभासों पर सही ढंग से विचार नहीं किया।

# सत्ता के लिए दो सूबों में वोटिंग

## मतदाताओं ने दिखाया जोश, कई स्थानों पर हिंसा



जनमुख डेस्क

**नई दिल्ली।** महीनों से चल रहे धुआंधार प्रचार, ताबड़तोड़ रैली, वार-पलटवार, आरोप-प्रत्यारोप के साथ एक दूसरे पर कीचड़ उछालने के बाद आज भारत के दो महत्वपूर्ण राज्यों—पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु—में सूबे का फ्यूचर डिसाइड करने के लिए वोटिंग हुई। जहां बंगाल में सत्ता की लालसा में भाजपा और तृणमूल के बीच घनघोर घमासान है तो वहीं तमिलनाडु में दशकों पुराने द्रविड़ वर्चस्व को चुनौती देने के लिए एक नया 'नायक' मैदान में है। पश्चिम बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले चरण का मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ, जहाँ सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस का सीधा मुकाबला बीजेपी से दिखा। उधर तमिलनाडु में, सभी 234 सीटों पर एक ही दिन में मतदान हो रहा है, जहाँ सत्ताधारी DMK, AIADMK-BJP के नेतृत्व वाले NDA और विजय की TVK

### ● अगले चरण का मतदान 29 को, 4 मई को आएगा परिणाम

के बीच त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है। सभी पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। दोनों राज्यों में प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच कड़ी टक्कर है। बंगाल में पहले चरण में उत्तर बंगाल के आठ, दक्षिण बंगाल के तीन व जंगलमहल क्षेत्र के पांच जिले शामिल हैं। पहले चरण के तहत 16 जिलों की 152 सीटों के लिए वोट पड़े। कुल 1 हजार 478 उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। 152 निर्वाचन क्षेत्रों में 44 हजार से अधिक मतदान केन्द्र स्थापित किए गये। इनमें से सात हजार 384 मतदान केन्द्रों को अत्यधिक संवेदनशील माना गया। इस चरण में तीन करोड़ 60 लाख मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था। हालांकि यहां पर कांग्रेस अलावा भी कुछ गिनी-चुनी पार्टियां मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच देखाजा रहा है। वोटिंग 44,376 बूथों पर हो रही है, जिसमें लगभग 3,000 सहायक बूथ भी शामिल हैं। 5,444 बूथों का प्रबंधन महिलाओं ने प्रबन्ध तंत्र को संभाला और 207 मॉडल बूथ भी बनाए गए हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के मतदान का दूसरा चरण अगले बुधवार को होगा। तमिलनाडु में मुकाबला अधिक पेचीदा और त्रिकोणीय है। यहाँ की पुरानी द्रविड़ पार्टियाँ—सत्ताधारी DMK (जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन कर रहे हैं) और AIADMK (जिसका नेतृत्व एडप्पादी के. पलानीस्वामी कर रहे हैं)—एक नए प्रतिद्वंद्वी का सामना कर रही हैं। यह नया प्रतिद्वंद्वी अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी TVK है।

### मुर्शिदाबाद में एयूजेपी और टीएमसी के बीच तीखी झड़प

मुर्शिदाबाद में बमबाजी की घटना को लेकर तनाव की स्थिति देखने को मिली, जहां टीएमसी कार्यकर्ताओं और आम जनता उन्नयन पार्टी (AUJP) के संस्थापक हुमायूं कबीर के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार, हुमायूं कबीर उस इलाके का दौरा करने पहुंचे थे, जहां एक दिन पहले देसी बम फेंके जाने की घटना हुई थी। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई और झड़प हो गई।

### दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया भाजपा उम्मीदवार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण के दौरान गुरुवार को भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, दक्षिण दिनाजपुर जिले के कुमारग्राम विधानसभा सीट के कुमारगंज बूथ नंबर 12 पर भाजपा उम्मीदवार सुवेंदु सरकार के साथ मारपीट की गई। आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों से पहले उनकी कहासुनी हुई और उसके बाद उन्हें पीटा गया। इस दौरान उनके बॉडीगार्ड ने उन्हें बचाने की कोशिश कि, लेकिन अचानक तृणमूल समर्थकों की भीड़ उग्र हो गई और देखते ही देखते उन्हें दौड़ाकर पीटा गया। इस घटना में सबसे अहम बात यह थी कि, उम्मीदवार के साथ यह जब घटना हो रही थी, तब ना तो मौके पर केंद्रीय बल के जवान थे और नहीं की सुरक्षा के कोई विशेष इंतजाम थे। मालूम हो कि बंगाल में पहले चरण के तहत 16 जिलों की 152 सीटों पर वोटिंग जारी हैं।

### 1 बजे तक बंगाल में 62 प्रतिशत, तमिलनाडु में 56.81 प्रतिशत मतदान

दोपहर 01:00 बजे तक के ताजा आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु दोनों ही राज्यों में वोटिंग की रफ्तार काफी ते है। पश्चिम बंगाल (चरण-1) में दोपहर 1 बजे तक बंगाल में 62.18% मतदान दर्ज किया जा चुका है। भारी सुरक्षा के बीच लोग बड़ी संख्या में अपने घरों से निकलकर पोलिंग बूथों पर पहुंच रहे हैं। वहीं तमिलनाडु में भी चुनावी माहौल काफी गर्म है। यहां दोपहर 1 बजे तक 56.81 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई है।

### बीजेपी की महिला प्रत्याशी की कार पर हमला

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग के बीच हिंसा की घटनाएं थम नहीं रही हैं. मुर्शिदाबाद, दक्षिण दिनाजपुर के बाद अब आसनसोल से हिंसा की खबर सामने आई है. आसनसोल में भीड़ ने बीजेपी की महिला प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला किया है। इस हमले में बीजेपी प्रत्याशी की कार के कांच टूट गए. अग्निमित्रा पॉल आसनसोल दक्षिण विधानसभा सीट से बीजेपी की उम्मीदवार हैं। बताया गया कि अग्निमित्रा पॉल की कार पर ईंटें और पत्थर फेंके गए, जिससे उनके कार की खिड़कियां टूट गईं। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। एक वीडियो भी सामने आया है।


## वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से जानकारी नहीं चाहिए

### ● थरूर के आर्टिकल के जिक्र पर अदालत ने कहा- ये उनका व्यक्तिगत विचार है

### सबरीमाला केस में सुनवाई जारी



**नई दिल्ली।** केरलम के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों में महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव से जुड़ी याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हो रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने कहा कि वॉट्सएप यूनिवर्सिटी से मिली जानकारी को स्वीकार नहीं किया जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने यह टिप्पणी दाउदी बोहरा समुदाय की ओर से पेश हुए सीनियर एडवोकेट नीरज किशन कौल की दलील के जवाब में की थी। कौल ने कहा था कि ज्ञान और समझ, चाहे वह किसी भी सोर्स से मिली हो, उसे स्वीकार करने में कोई बुराई नहीं है। कौल एक अखबार में कांग्रेस सांसद डॉ. शशि थरूर के लिखे लेख का हवाला दे रहे थे, जिसमें धार्मिक मामलों में न्यायिक संयम बरतने की बात कही गई है। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, विधिवेत्ताओं आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन निजी राय निजी राय ही होती है। इसके पहले कोर्ट ने बुधवार को कहा कि किसी धार्मिक प्रथा को जरूरी या गैर-जरूरी घोषित करना कोर्ट के लिए मुश्किल है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि संविधान में 'एसेन्शियल' शब्द का जिक्र नहीं है।




# नाकेबंदी हटेगी तभी खुलेगा होर्मुज

### ● शांति के लिए कल दोनों देशों की पाक में होगी बैठक

### ईरान की अमेरिका को दो टूक



**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** ईरान ने कहा है कि मौजूदा हालात में होर्मुज स्ट्रेट को दोबारा नहीं खोला जाएगा। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि सीजफायर के उल्लंघन के बीच यह संभव नहीं है। गालिबाफ ने आरोप लगाया कि अमेरिकी नाकेबंदी ईरानी बंदरगाहों को निशाना बना रही है और यह वैश्विक अर्थव्यवस्था को बंधक बनाने जैसा है। उन्होंने कहा कि पूर्ण सीजफायर तभी संभव है, जब नाकेबंदी खत्म हो। दूसरी तरफ अमेरिका और ईरान के बीच शुक्रवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में बैठक होने की संभावना है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की मध्यस्थता के बाद दोनों देश जल्द बातचीत की टेबल पर लौट सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी कहा है कि यह बैठक जल्द होना संभव है। अमेरिका ने रूसी तेल की खरीद पर लगी पाबंदियों में दी गई छूट को 30 दिन के लिए बढ़ा दिया है। यह फैसला करीब 10 देशों की मांग पर लिया गया है, जो तेल की कमी का सामना कर सकते हैं।

### पाकिस्तान की चापलूसी भी काम नहीं आयी

इधर ने अमेरिका ने पाकिस्तान की चापलूसी पर ईरान के साथ चल रहे युद्धविराम (सीजफायर) को आगे बढ़ाया लेकिन ईरान ने किसी भी तरह के सीजफायर से इनकार किया है। मुख्य वार्ताकार मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने कहा कि सीजफायर तभी संभव है जब नाकाबंदी हटाई जाए।

## लड़ाई के बीच अमेरिकी नौसेना सचिव का इस्तीफा

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच पेंटागन ने बुधवार को अचानक घोषणा की कि नौसेना सचिव जॉन फेलन अपना पद छोड़ रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में किसी सैन्य सेवा के प्रमुख का यह पहला इस्तीफा है। फेलन के अचानक हटने का कोई कारण नहीं बताया गया है। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी कर रखी है और दुनिया भर में तेहरान से जुड़े जहाजों को निशाना बना रही है। अब ट्रंप के करीबी और अंडरसेक्रेटरी हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे।

जनमुख सिटी हिन्दी दैनिक लाइव
● तापमान अधिकतम : 43.1°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.29
● सूर्यास्त : 06.34
वाराणसी, 23 अप्रैल, गुरुवार, 2026 (3)





पृथ्वी दिवस पर रैली निकाल कर विद्यार्थियों ने दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

जनमुख डेस्क

## कपूर से आरती के दौरान लगी आग

**वाराणसी।** दशाश्वमेध घाट क्षेत्र के अहिल्याबाई मोहल्ले में गुरुवार की दोपहर अचानक पूजा के दौरान आग लग गई। यह घटना पृथ्वी साहनी और गोपाल साहनी के घर में हुई, जब कपूर आरती के दौरान उसकी लपक से कमरे में आग लग गई। आग लगने के बाद हड़कंप मच गया, लेकिन इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। क्षेत्रीय नागरिकों के सहयोग से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया। हालांकि, कमरे में आग और धुएं के कारण परिवार के लोगों को कुछ समय तक दुश्वारी का सामना करना पड़ा। अहिल्याबाई घाट के ऊपर स्थित एक तीन मंजिला मकान में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पूजा सामग्री से निकली चिंगारी के कारण आग भड़क गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने लगी। घर में मौजूद अग्निशमन के साधन भी पर्याप्त नहीं थे, जिससे आग पर तुरंत काबू नहीं पाया जा सका। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। मकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया।

# आश्वासन से चूल्हा नहीं जलता साहब

## सैलरी न मिलने से क्षुब्ध सफाई कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, मचाया हंगामा



● मौके पर पहुंची तीन थानों की फोर्स

● अफसरानों के समझाने पर वापस लौटे आंदोलनकारी

**वाराणसी।** वाराणसी सॉलिड वेस्ट सेल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के 500 कर्मियों ने गुरुवार की सुबह हड़ताल कर दी। सभी हेल्पर और वाहन चालक आदमपुर जोन के पालीकोठी स्थित धनेसरा डंपिंग यार्ड में धरने पर बैठे हैं। उनका कहना है कि उन्हें अभी तक सैलरी नहीं मिली है अप्रैल माह की जबकि आज 23 तारीख हो गई है। मौके पर तीन थानों की फोर्स के साथ डीसीपी काशी गौरव बंसवाल पहुंचे और उन्हें समझाया पर वो अधिकारियों को बुलाने के लिए डटे रहे। मौके पर शहर की सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहीं अपर नगर आयुक्त सविता यादव पहुंची और दो दिन में सैलरी आने का आश्वासन दिया। जिसपर एक बार फिर कर्मी हड़ताल पर बैठ गए और आज ही पैसे की मांग कर रहे हैं। इसके बाद उन्हें शाम तक सैलेरी देने का आश्वासन दिया गया है जिसके बाद कर्मचारी काम पर लौटे। इस दौरान पांच डंफर और 40 छोटी गाड़ियां में कूड़ा यार्ड में ही पड़ा रहा और करसड़ा में डंपिंग प्लांट नहीं जा सका। सुपरवाइजर निलेश ने बताया- कर्मचारियों का वेतन नहीं मिल पा रहा है समय से इसलिए आज सभी हड़ताल पर चले गए हैं। 3 मार्च को ज्यादातर लोगों के अकाउंट में 5 हजार रुपए आए थे। जबकि सैलेरी 1200 है। उसके बाद आज अप्रैल की 23 तारीख हो गई किसी के अकाउंट में पैसा नहीं आया। ऐसे में आज सभी डंपिंग यार्ड में गाड़ियां खड़ी करके हड़ताल पर चले गए हैं। आदमपुर जोन के गाड़ी ड्राइवर धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया - हमारी दो महीने की सैलरी नहीं मिली है। लगातार अधिकारी आश्वासन पर आश्वासन दे रहे हैं। आश्वासन से हमारे घर का चूल्हा नहीं जलेगा। हमें सैलरी चाहिए। कर्मचारी राकेश ने बताया होली के एक दिन पहले पैसा आया था। अब बच्चों की कॉपी-किताब खरीदना है। कैसे होगा सब जब सैलेरी नहीं मिलेगी।

## गंगा में बिरयानी का अवशेष फेंकने वालों की सुनवाई होगी

**वाराणसी।** वाराणसी में रमजान के महीने में नाव पर इफ्तार करने व बिरयानी के अवशेष गंगा में फेंकने के मामले में 27 अप्रैल को सुनवाई होगी। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। मामले के अनुसार वाराणसी निवासी मो. आजाद अली, निहाल अफरीदी, मो. तहसीम, मोहम्मद तौशीफ, अनस व अन्य के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज है। ट्रायल कोर्ट से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद आरोपियों ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दायर की है।

## 51लीटर दूध से गंगा का अभिषेक

**वाराणसी।** वाराणसी में गंगा सप्तमी के अवसर पर विशेष पूजन अर्चन की गई। दशाश्वमेध घाट पर 51 लीटर माता का अभिषेक किया गया। हर साल वैशाख शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को गंगा सप्तमी का महापर्व मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस दिन गंगा स्नान से जन्म जन्मांतर के पाप कट जाते हैं।

## बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए जागरूकता सेमिनार



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वार्षिक पोषण जागरूकता अभियान, 2026 के अंतर्गत पोषण पखवाड़ा का आठवां संस्करण 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक मनाया गया। इसी क्रम में पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत, वाराणसी मंडल चिकित्सालय द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिए जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे जूनियर हाई स्कूल के बच्चों को स्वास्थ्य आदतों को अपनाने, बच्चों में स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने और स्क्रीन टाइम को कम करने, हाथ धोने की सही प्रक्रिया,पोषक तत्वों से रहित खाद्य पदार्थों (जंक/फ़ास्ट फूड) से परहेज कर पोषक आहार अपनाने, कार्बोनेटेड और एयरेटेड(कोल्डड्रिंक) पेय पदार्थों के स्थान पर फ्रूट जूस और (डेयरी उत्पाद) लस्सी, छाछ, फ्लेवर्ड मिल्क को महत्व देने हेतु शिक्षित किया गया।

## सीएम से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी दौरे पर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्रकारों के हितों को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कई महत्वपूर्ण संकेत दिए। काशी पत्रकार संघ के प्रतिनिधिमंडल से हुई मुलाकात में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार आवास, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को उनके लिए सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रही है। संघ के अध्यक्ष अरुण मिश्र के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बीते 9 साल में बदलती काशी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में काशी के विकास कार्यों की सराहना की।

## प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर शहर को पॉलिश करने की तैयारी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 28 अप्रैल को होने वाले प्रस्तावित वाराणसी आगमन के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शहर को वीआईपी मूवमेंट के अनुकूल स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निगम ने हाई-अलर्ट जारी करते हुए सफाई व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और जन-सुविधाओं की विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इसके तहत आज से एक सप्ताह तक सभी वार्डों में महासफाई अभियान चलाया जाएगा, जिसकी निगरानी सीधे सेंट्रल कमांड के जरिए होगी। इस बाबत सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में महापौर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीआईपी आगमन के दौरान व्यवस्थाओं में कोई चूक नहीं होनी चाहिए।

## पर्यावरण सुरक्षा के लिए निकाली जागरुकता रैली




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्व पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल) के उपलक्ष्य में बुधवार को राधा किशोरी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रामनगर की 30 यूपी गर्ल्स बटालियन के लगभग 150 एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रवक्ता गीता वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर विद्यालय परिसर से किया गया। रैली विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर गंगा नदी के तट तक गई और पुनः विद्यालय परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के दौरान सभी कैडेट्स नारे लगाते हुए आम जनमानस को पर्यावरण के प्रति सजग कर रहे थे। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या साधना राय के मार्गदर्शन में वेस इंडिया, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, Bisleri, Earth Day Network, विभा वाणी इंडिया तथा वरुणा सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। नेतृत्व कैप्टन सीमा शर्मा द्वारा किया गया। वेस इंडिया के निदेशक डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय जलीय जीव गंगा डॉल्फिन सहित अन्य जीव-जंतुओं के संरक्षण का संदेश दिया तथा प्लास्टिक के उपयोग से दूर रहने का आग्रह किया।

## अगस्त में मनाया जाएगा श्याम झूलनोत्सव का 55वां वार्षिक उत्सव

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आगामी 15 व 16 अगस्त को श्याम मंडल वाराणसी अपना 55वां वार्षिक उत्सव श्याम झूलनोत्सव महमूरगंज स्थित शुभम लॉन में बड़े ही धूमधाम से मनाएगा, देवाधिदेव देव महादेव की नगरी काशी में आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर आज श्री श्याम मंदिर में एक बैठक आयोजित हुई जिसमें श्याम मंडल वाराणसी के अध्यक्ष दीपक तोदी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाबा विश्वनाथ के परम् प्रिय पवित्र सावन माह में श्याम बाबा का झुलनोत्सव मनेगा। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यक्रम संयोजक अजय खेमका, श्याम सुंदर गाड़ोदिया, पंकज तोदी, कृष्ण बजाज, बनाए गए ।

# प्रदूषण हटाओ, धरती बचाओ




● पृथ्वी दिवस पर डालिम्स सनबीम और क्लाइमेट एजेंडा का संयुक्त कार्यक्रम

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महमूरगंज स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल और क्लाइमेट एजेंडा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली एवं जागरूकता-आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय पहल का उद्देश्य छात्रों के बीच जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण और सतत जीवनशैली के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करना रहा। 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' थीम के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के लगभग 250–300 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत एक जागरूकता रैली से हुई, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने 'प्रदूषण कम करो, धरती बचाओ' जैसे प्रभावशाली नारों के साथ महमूरगंज क्षेत्र में पदयात्रा की। छात्रों ने अपने हाथों में पोस्टर और संदेश लिए हुए स्थानीय समुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया। यह रैली न केवल विद्यार्थियों के उत्साह को दर्शाती थी, बल्कि समाज में पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाने का एक सार्थक माध्यम भी बनी। इसके उपरांत स्कूल के समीप स्थित पार्क में विद्यार्थियों के लिए रचनात्मक और सहभागिता-आधारित गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

## वीर कुँवर सिंह विजय दिवस मनाया गया




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी में मैदागिन स्थित दिगंबर जैन मंदिर काम्प्लेक्स में विश्व भोजपुरी संघ द्वारा पुरबिया माटी के धरोहर रत्न और स्वतन्त्रता संग्राम 1857 के महायोद्धा बाबू कुँवर सिंह विजय दिवस को मनाया गया । इस अवसर पर अध्यक्षता करते हुए विश्व भोजपुरी संघ के महासचिव डॉ. अपूर्व नारायण तिवारी 'बनारसी बाबू' ने कहा कि अस्सी वर्ष के आयु में 23 अप्रैल 1858 को बरतानिया हुकूमत से युद्ध में पराजित करके विजयश्री पायी थी बाबू वीर कुँवर सिंह ने। 23अप्रैल 1858 को जगदीशपुर बिहार में हुई इस जीत को कुंवर सिंह विजय दिवस रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पं.शंभुनाथ पांडेय, डॉ. दिनेश सिंह, शुभजीत साहा, सुरेश पांडेय, रतन गुरु, राजन कसेरा, संग्राम, ओ. पी. शर्मा उपस्थित थे।

जनमुख परामर्श मंडल

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com




## सुरक्षा बल की टीम ने सिर्फ एक रन से जीता रोमांचक मुकाबला



● संतोष यादव मैन ऑफ द मैच

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन में एवं मंडल क्रीड़ाधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज रेलवे सुरक्षा बल और सिगनल विभाग के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। रेलवे सुरक्षा बल की टीम इस रोमांचक मुकाबले को एक रन से जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर गई। रेल सुरक्षा बल के संतोष यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर पुष्पेंद्र बैष के द्वारा दिया गया।

## बहुजन समता पार्टी ने किया महिला बिल का समर्थन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बहुजन समता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आजाद की अध्यक्षता में बुधवार को सायंकाल चार बजे भेलूपुर स्थित पार्टी कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश आजाद ने कहा कि महिलाओं के व्यापक हितों के संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से महिला आरक्षण विधेयक हर हाल में लागू कराए जाने की जरूरत है। भाजपा द्वारा उठाए जा रहे सकारात्मक कदम की सराहना करते हुए उसकी नीतियों के समर्थन में शीघ्र ही अहिंसात्मक आंदोलन प्रारंभ करने की घोषणा की गयी। बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष डा. नरेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, रेखा श्रीवास्तव, नीताधर, सुजात रामनगरी, सोमनाथ, रितु साहनी, राकेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## हरदत्तपुर में बस रेड टिकट चेकिंग अभियान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपतिनाथ मिश्रा के नेतृत्व में 22 अप्रैल, बुधवार को प्रातः हरदत्तपुर स्टेशन को आधार बनाकर बनारस-हरदतपुर रेल खण्ड पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बनारस –प्रयागराज रामबाग रेल खण्ड पर चलने वाली चौरीचौरा एक्सप्रेस, ज्ञानगंगा एक्सप्रेस, स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस,विभूति एक्सप्रेस, नई दिल्ली-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं प्रयागराज रामबाग-मऊ मेमू एक्सप्रेस सहित विभिन्न सवारी गाड़ियों में किलाबन्दी कर सघन टिकट चेकिंग की गई है।

## सुल्तानपुर समाचार

### निरीक्षण भवन का विवाद सुलझाने के लिए डीएम सख्त

**सुल्तानपुर।** टीपीनगर में निर्माणाधीन 13 करोड़ रुपये की लागत वाले दो मंजिला निरीक्षण भवन (गेस्ट हाउस) का काम जल्द दोबारा शुरू होने की उम्मीद है। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के पत्र का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को जमीन संबंधी विवाद तत्काल सुलझाने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण भवन के एक हिस्से की पहली मंजिल की छत ढल चुकी है और दूसरे तल का काम चल रहा था। इसी बीच पयागीपुर निवासी दीपक मिश्रा ने इस भूमि को अपने परिवार की जमीन बताते हुए हाईकोर्ट (लखनऊ बेंच) में याचिका दायर कर दी। कोर्ट के आदेश पर फिलहाल निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई है। डीएम इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को मामले की समीक्षा की और अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि विवाद का निस्तारण कर निर्माण कार्य जल्द पूरा कराया जाए। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्रा ने बताया कि विभाग ने इस समस्या की जानकारी मार्च में ही प्रशासन को दे दी थी।

### माध्यमिक स्कूलों के समय में परिवर्तन

**सुल्तानपुर।** जिले में लू और भीषण गर्मी का असर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग ने 25 अप्रैल तक भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की है। हालात ऐसे हैं कि दोपहर के समय बाजार और सड़कें लगभग सूनी नजर आ रही हैं। प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर साफ किया है कि दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक धूप में निकलने से बचें। माध्यमिक विद्यालयों का समय परिवर्तन कर सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक कर दिया गया है, ताकि विद्यार्थी तेज धूप से सुरक्षित रह सकें। यदि बाहर जाना जरूरी हो तो सिर और चेहरे को ढककर निकलें और हल्के सूती कपड़े पहनें।

## मऊ समाचार

### सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत

**मऊ।** थाना क्षेत्र के दुबारी ग्राम पंचायत अंतर्गत लक्ष्मीपुर बंधा ढाले पर हुए सड़क हादसे में घायल युवक की मंगलवार शाम गोरखपुर में उपचार के दौरान मौत हो गई।

दुबारी ग्राम पंचायत के भगत का पुरा निवासी लल्लन मौर्य (46) पुत्र गुदरी मौर्य बीते 15 अप्रैल की देर शाम दुबारी बाजार से सामान खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे।

इसी दौरान लक्ष्मीपुर बंधा ढाले के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में लल्लन मौर्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पीछे बैठे धर्मेंद्र मौर्य को मामूली चोटें आईं। लल्लन को पहले मधुबन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उन्हें बीआरडी मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर ले गए, जहां मंगलवार शाम उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

## आजमगढ़ समाचार

### पत्नी की विदाई न होने पर पानी टंकी पर चढ़ा युवक गिरा, हालत गंभीर



**सरायमीर।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के नेगवा कमरावा गांव निवासी मनीष (32) नशे की हालत में पानी की टंकी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने उसे अस्पताल पहुंचाया गया। हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मनीष की शादी वर्ष 2020 में सरायमीर थाना क्षेत्र के पेंड्रा मोइद्दीपुर गांव में हुई थी। उसकी सास लक्ष्मी देवी ने बताया कि मनीष शराब पीने का आदी है और वह पहले भी उनकी बेटी रेनू के जेवरात बेच चुका है। इस समय रेनू मायके में रह रही थी। मनीष उसे विदा कराने आया था, लेकिन परिवार ने मना कर दिया। इस बात से नाराज होकर मनीष शाम को नशे की हालत में गांव के पास शेरवां नहर के समीप पवई लाडपुर में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक को टंकी पर चढ़ा देख आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोग उसे बचाने के लिए टंकी पर चढ़े, जबकि अन्य लोग नीचे से उसे समझाने का प्रयास करते रहे थे। इसी बीच मनीष ने अपना मोबाइल नीचे फेंक दिया और फिर खुद भी टंकी से नीचे गिर गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने तत्काल उसे स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सरायमीर थाना प्रभारी भुवनेश कुमार चौबे ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। युवक की हालत गंभीर थी उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

## देवरिया समाचार

### सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत

**देवरिया।** जिले के गौरी बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक सड़क हादसे में 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना लपकनी इलाके में मठिया चौराहा के पास हुई, जहां एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। मृतक की पहचान गौरीबाजार थाना क्षेत्र के लपकनी निवासी रामाकांत चौहान (55) पुत्र दहाड़ी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामाकांत अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने घायल रामाकांत को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें देवरिया मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## गाजीपुर समाचार

### युवक ने लगाया फंदा, 10 दिन पहले हुई थी लड़ाई, मिल रही थी धमकी



**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में बृहस्पतिवार की सुबह एक 25 वर्षीय युवक का शव उसके घर की छत से सटे नीम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान राजाराम कुमार (25) पुत्र रामअवध राम के रूप में हुई है। परिजनों ने जब सुबह नायलॉन की रस्सी के सहारे शव को लटकते देखा, तो कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष वागिश विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता रामअवध राम ने बताया कि बीते 13 अप्रैल को गांव के ही एक व्यक्ति के साथ शराब पीने के दौरान राजाराम की कहासुनी और मारपीट हुई थी। इस संघर्ष में विपक्षी का पैर टूट गया था, जिसका उपचार मऊ के फातिमा अस्पताल में चल रहा है। आरोप है कि इस घटना के बाद गांव के कुछ युवक राजाराम को लगातार डरा-धमका रहे थे। उसे बार-बार कहा जा रहा था कि तूने बच्चे का पैर तोड़ा है, तुझे जेल और फांसी हो जाएगी। इस मानसिक दबाव और डर के कारण राजाराम गहरे अवसाद (फ्रस्ट्रेशन) में चला गया था। उधर, थाना प्रभारी वागिश विक्रम सिंह ने बताया कि पुलिस को छत पर मृतक का एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा था कि दोनों निर्दोष हैं... 'जो ऊपर बैठा है वह न्याय करेगा... अल्लाह भगवान।' पुलिस ने सुसाइड नोट और नायलॉन की रस्सी को साक्ष्य के रूप में कब्जे में ले लिया है।

## सोनभद्र समाचार

### जिलाधिकारी बी.एन. सिंह को सोनभद्र से विदाई



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह को उनके स्थानांतरण पर कलेक्ट्रेट सभागार में विदाई दी गई। उन्हें जनपद सोनभद्र से विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग के पद पर स्थानांतरित किया गया है। इस अवसर पर जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने सोनभद्र में अपने अंतिम कार्य दिवस को यादगार बनाने के लिए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि जनपद में आने के दिन से मिला सहयोग हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा कि इससे किसी अधिकारी या कर्मचारी पर मानसिक दबाव नहीं होता और वे बेहतर ढंग से काम कर पाते हैं। शासकीय कार्यों में पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने भी इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा जनपद में किए गए सराहनीय कार्यों के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय ने सोनभद्र जिले में लगभग 1 वर्ष 10 महीने तक अविस्मरणीय सेवा दी। उन्होंने बताया कि जिले के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनसे कार्य करने की शैली और जटिल समस्याओं का सहजता से समाधान करना सीखा है। उन्होंने जिलाधिकारी के उज्जवल भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा जनपद में किए गए सराहनीय कार्यों से संबंधित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी रमेश कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे रोहित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, उप जिलाधिकारी सदर उत्कर्ष द्विवेदी, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, जिला कृषि अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी रामलाल, सहायक निर्वाचन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को माल्यार्पण कर स्मृतिचिन्ह भेंट किए।

## बलिया समाचार

### काम की तलाश में निकले युवक बाइक की टक्कर से मौत, साथी गंभीर

**दुबहर।** दुबहर थाना क्षेत्र के जनाड़ी रिंग बंधा मार्ग पर बुधवार की सुबह सड़क हादसे में ग्राम घोड़हरा निवासी राजूराम (28) की मौत हो गई। उसका दोस्त प्रदीप राम (30) घायल हो गया। दोनों मोटरसाइकिल से काम की तलाश में बलिया शहर की ओर जा रहे थे। रिंग बंधे पर तेज रफ्तार दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। घायलों को आसपास के लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचाया। राजूराम की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। प्रदीप राम का इलाज बलिया के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। राजू राम अपने घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी असामयिक मौत ने वृद्ध माता-पिता, पत्नी और दो मासूम बेटियों के भविष्य पर संकट खड़ा कर दिया है। दुबहर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## प्रयागराज समाचार

### कटान रोकने के लिए चल रहे कार्य के दौरान मजदूर 50 फीट नीचे गंगा में गिरा, छह घंटे बाद मिला शव



**प्रयागराज।** डेंगुरपुर गंगा घाट पर बाढ़ कटान रोकने के लिए एक माह से चल रहे निर्माण कार्य के दौरान बुधवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। डेंगुरपुर गंगा घाट पहुंचने के महज 15 मिनट बाद ही लखीमपुर खीरी निवासी एक मजदूर 50 फीट नीचे खाई में गिरकर गंगा में समा गया। घटना के बाद कार्यस्थल पर अफरातफरी मच गई और साथी मजदूर बेबस देखते रह गए। लापता मजदूर की खोजबीन की जाती रही। करीब छह घंटे के बाद शव को बरामद किया जा सका। बाढ़ प्रखंड की ओर से अधिकृत ठेकेदार भवंर इंटरप्राइजेज की ओर से जियो टेक्सटाइल ट्यूब कटर और पत्थर पिचिंग का कार्य पिछले एक माह से कराया जा रहा है। बुधवार सुबह करीब सात बजे लखीमपुर खीरी जिले के थाना धरहरा क्षेत्र के पहाड़ियापुर गांव समेत आसपास के गांवों से 12 मजदूर काम पर पहुंचे थे। इनमें अवधराम (35) पुत्र तेजी भी शामिल थे। काम शुरू होते ही अवधराम घाट की ओर बढ़े। घाट पर पहले से बनी करीब 50 फीट गहरी खाई के पास पहुंचते ही उनका संतुलन बिगड़ गया और वह फिसलकर मिट्टी और चट्टानों से टकराते हुए सीधे गंगा में जा गिरे। कुछ ही क्षण में वह गंगा की लहरों में समा गए। शोर सुनकर आसपास के मछुआरे नाव लेकर मौके पर पहुंचे और काफी देर तक तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। साथी मजदूरों का आरोप है कि एक माह से काम चलने के बावजूद खाई के पास न तो बैरिकेडिंग की गई और न ही किसी तरह के सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। इससे हादसे की आशंका पहले से बनी हुई थी। मजदूरों ने बताया कि वे लोग मंगलवार दोपहर लखीमपुर खीरी से निकले थे और बुधवार सुबह साइट पर पहुंचे थे। काम शुरू होने के कुछ ही मिनट बाद हादसा हो गया। घटना के करीब चार घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची। दरोगा चंद्रपाल सिंह टीम के साथ पहुंचे और स्थानीय मछुआरों को लगाकर गंगा में डूबे मजदूर की तलाश शुरू कराई। छह घंटे के बाद उसकी लाश पाई गई।

## भदोही समाचार

### गैंगस्टर एक्ट के आरोपियों की संपत्ति करें जब्त : आईजी

**ज्ञानपुर।** पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विंध्याचल आरपी सिंह ने बुधवार को दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण के तहत पुलिस लाइन ज्ञानपुर का जायजा लिया। पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अपराध समीक्षा में उन्होंने पुलिस के अफसरों को गैंगस्टर के आरोपियों की संपत्ति जब्त करने, एनडीपीएस एक्ट एवं शराब तस्करी में संलिप्त आरोपियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। आईजी ने गो तस्करी, अवैध धर्मांतरण, लव जेहाद जैसे अपराधों पर रोकथाम के लिए खास निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस और जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के डिफाल्टर से पूर्व की स्थिति में समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए कहा। टॉप टेन सूची में शामिल आरोपियों की निगरानी व उनके विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए थाना प्रभारियों को निर्देश दिया।

## जौनपुर समाचार

### ट्रैक्टर का इंजन के नीचे दबने से चालक की मौत

**जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के ग्राम सभा दीपकपुर से नाले पर जाने वाले चकरोड पर ट्रैक्टर के इंजन पलटने से चालक प्रेमचंद पटेल (50) की मौत हो गई।

ट्रैक्टर चालक शेष नगर रमनगरा गांव में रहकर ट्रैक्टर ट्राली से मिट्टी गिराने का काम कर रहा था। खाली ट्राली लेकर जा रहा था अचानक इंजन पलट गया और चालक उसके नीचे दब गया। एम्बुलेंस से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज ले आए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। स्थानीय अमित पांडेय ने बताया कि मृतक मूल रूप से मुंगरा बादशाहपुर थाना अंतर्गत दखिनियां गांव का रहने वाला था, जो यहां नेवासा के रूप में रह रहा था। सूचना पाते ही परिजन भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आ गए थे। जहां मौत हो गई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मीरजापुर समाचार

### गत वर्ष ड्राप आउट बच्चों को चिन्हित करते हुए कराएं नामांकन–आंगनबाड़ी केन्द्रो से पासआउट छात्रो का शत–प्रतिशत स्कूलो में कराया जाए नामांकन–जिलाधिकारी



**मीरजापुर।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में बेशिक शिक्षा विभाग के तहत पीएमश्री योजना तथा बाल विकास परियोजना विभाग के अन्तर्गत जिला पोषण समिति/जिला स्तरीय कंवर्जन समिति की बैठक कर प्रगति की जानकारी ली। दोनो विभागों की योजनाओं में अपेक्षित प्रगति न आने पर जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यशैली में सुधार लाते हुए 30 अप्रैल 2026 तक शत–प्रतिशत प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। पीएमश्री विद्यालयों की समीक्षा के तहत स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत प्रगति कम होने तथा बैठक उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारियो द्वारा सही उत्तर न दे पाने अभिभावको से सम्पर्क न करने, निर्माण कार्यो की समीक्षा न करने पर जहां जिलाधिकारी ने कड़ी फटकार लगाते हुए 30 अप्रैल 2026 तक स्कूलो में लक्ष्य के सापेक्ष शत–प्रतिशत नामांकन कराने का निर्देश दिया तो मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों का वेतन शत–प्रतिशत नामांकन कराए जाने के बाद ही निर्गत करने का निर्देश दिया। जिन खण्ड शिक्षा अधिकारी क्षेत्रान्तर्गत शत–प्रतिशत नामांकन नही हो सकेगा ऐसे खण्ड शिक्षा अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया।

बैठक में एजेण्डा बिन्दुवार, बुकलेट सही तरीके से तैयार न करने, स्कूलो में नामाकंन की प्रगति प्रेरणा पोर्टल पर फीड न करने पर डीसी एमआईएस से भी स्पष्टीकरण की मांग की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहां कि जिन प्रधानाध्यापक के क्षेत्र में लक्षित नामांकन के सापेक्ष शत–प्रतिशत नामांकन नही होने पर सम्बन्धित प्रधानाध्यापक पर भी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में भ्रमण कर अभिभावको से सम्पर्क करे तथा शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराए।

## चंदौली समाचार

### यू-टर्न लेते समय दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत, एक घायल

**सकलडीहा।** सकलडीहा-चंदौली मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार की रात में यू-टर्न लेने के दौरान दो बाइकों की टक्कर हो गई।

हादसे में रतनपुरा गांव निवासी बाढ़ू राजभर (19) की मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठे भीम राजभर (20) घायल हो गए। बाढ़ू आरओबी निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था में काम करते थे। वह रात में काम से छुट्टी होने के बाद अपने सहयोगी के साथ पेट्रोल लेने जा रहे थे। तभी दुर्घटना हो गई। ग्रामीण दोनों को सकलडीहा सीएचसी ले गए। यहां से उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने बाढ़ू को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गोरखपुर समाचार

### आसमान से बरस रही 'आग', तेज व गर्म हवाएं कर रहीं बेहाल- 27 व 28 को हल्की बारिश के आसार



**गोरखपुर।** अप्रैल में ही प्रचंड गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। ऐसा लग रहा है जैसे आसमान से आग बरस रही हो। दिन में घर से बाहर निकलने पर तेज धूप व गर्म हवाओं के कारण घुटन जैसी स्थिति से भी लोग जूझ रहे हैं। लगातार पांचवें दिन बृहस्पतिवार को भी अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा।

लगातार तीसरे दिन पारा 41 डिग्री के पार रहा।

तापमान अधिकतम 41.4 और न्यूनतम 23.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लगातार हीट वेव के कारण दिन में लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। मजबूरी में बाहर निकले लोग बेचैन-परेशान नजर आ रहे हैं। तेज धूप के साथ ही गर्म पश्चिमी हवाओं के बीच बाहर निकलते ही हलक सूखने लग रहे हैं। मौसम की मार लोगों के चेहरे और शरीर पर साफ दिख रही है। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि अगले तीन दिन तक मौसम ऐसे ही बने रहने के आसार हैं। बृहस्पतिवार से हवा की गति में थोड़ी कमी आनी शुरू हो सकती है।

तीन दिन बाद थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो जाएगी। 27 और 28 अप्रैल को बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश के लिए माहौल बन रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि 27 व 28 अप्रैल को बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश हो सकती है। इससे तापमान में गिरावट आएगी। वर्तमान में हवाओं की गति करीब 20-30 किमी प्रतिघंटा तक है। बृहस्पतिवार से हवाओं की गति 10-15 किमी प्रतिघंटा तक हो सकती है। इससे लू से थोड़ी राहत मिलेगी।

**अधिकतम तापमान पिछले पांच दिनों में**

| तिथि | तापमान |
|---|---|
| 22 अप्रैल | 41.4 डिग्री |
| 21 अप्रैल | 41.5 डिग्री |
| 20 अप्रैल | 41.5 डिग्री |
| 19 अप्रैल | 40.6 डिग्री |
| 18 अप्रैल | 40.7 डिग्री। |

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, वाराणसी,**
**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-मीरजापुर**

**ई-निविदा सूचना दिनांकः 23.04.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. निविदा संख्याः 01/वि.वि.मं.(मी.)/2026-27, जमायोजना वर्ष 2026-27 के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड, मीरजापुर के अधीन विन्ध्यकॉरिडोर फेज-2 के तहत स्टेशन रोड से पुरानी वी.आई.पी. रोड विन्ध्याचल तक ओवरहेड विद्युत लाइनों को भूमिगत करने का कार्य। निविदा प्रपत्र शुल्क-रू. 5900.00, धरोहर धनराशि- रू.181000.00

ई-निविदा की अंतिम तिथिः 07 मई, 2026, 14:00 बजे,

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https:// etender. up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएगी।

**उल्लेखनीय बिन्दू निम्नवत् है:-**

1. समाचार पत्रों में उक्त निविदा प्रकाशन 8 से.मी. चौड़ाई के कॉलम (equivalent to 2 columns of newspaper) में प्रकाशित कराए जायें।
2. हिन्दी फॉन्ट Krutidev 010 एवं फॉन्ट साइज 10-12-14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायें।
3. प्रकाशन running matter के स्थान पर उक्त प्रारूप में यथास्वरूप ही प्रकाशित कराया जायें।
4.कॉलम की ऊंचाई content के अनुसार परिवर्तनीय (variable) रहेगी। पंक्तियों के बीच का space संलग्न प्रारूप के अनुरूप रहेगा। इस space को बढ़ाकर विज्ञापन का आकार (height) अनावश्यक रूप से न बढ़ाया जायें।

**अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल, मीरजापुर।**

पत्रांकः229/वि.वि.मं.(मी.)/ई-निविदा प्रकाशन, दिनांक-22/4/2026




## लाइफ मंत्र

### अमरनाथ यात्रा के लिए प्रशासन ने तय की दरें, ओवर-चार्जिंग पर सख्त कार्रवाई के आदेश

अमरनाथ यात्रा को लेकर प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी गई है। इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए खास व्यवस्था की है।

इस बार यात्रा से जुड़े सभी प्रमुख सेवाओं की दरें तय कर दी गई हैं और प्रशासन ने ओवर-चार्जिंग पर सख्त कार्रवाई के आदेश भी दिए है।

बैठक में टेंट आवास, पोनी, पालकी, कुली, डांडी और अन्य श्रमिक सेवाओं के लिए दरों पर चर्चा की गई है। इस मीटिंग में कई सेवा प्रदाताओं ने अपने सुझाव डीसी के आगे पेश किए।

प्रशासन ने कहा है कि इन दरों को तैय करने का एक मुख्य उदेश्य अमरनाथ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, पारदर्शिता बनाए रखना है। मीटिंग में उन्होंने यात्रा अवधि के दौरान तय दरों के सख्ती से पालन करने का आदेश दिया। प्रशासन इस पर पूरा जोर दे रही है कि अमरनाथ आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। सभी तीर्थयात्रियों को सुरक्षित और सुगम यात्रा का अनुभव मिले। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने ओवर-चार्जिंग या किसी भी नियम को तोड़ने वाले पर सखत कारवाई करने का आदेश दिया है।

## आत्मा से सम्बद्ध उदगार



आत्मा में आत्मा यानी बोले तो अंतरात्मा भी होती है जिसकी मूक आवाज़ के आह्वान पर बड़े बड़े लोग अनूठे, असंभव काम कर दिया करते हैं। कृत्रिम बुद्धि युग में भी कर रहे हैं। बड़े आकार की आत्मा की आवाज़ कुछ भी करवा सकती है। उसके एक जबर्दस्त इशारे पर समाज और राजनीति में नए गुल खिलने लगते हैं। सठियाने नहीं बलिक सत्तरियाने यानी सत्तर साल का होने के बाद मुझे विश्वास हो चला है कि आत्माएं कई प्रकार की होती हैं। साठ साल तक मैं ऐसा नहीं मानता था। अब धर्म का प्रभाव भी बढ़ रहा है, शायद इसका भी कुछ तो असर होगा ही। मैंने यह मानना शुरू कर दिया है कि आत्मा की आवाजें भी होती हैं जो अलग अलग किस्म की होने के कारण तरह तरह के प्रभाव लिए होती हैं। मिसाल के तौर पर सादी, सरल व सभ्य आत्मा की आवाज़ दबी दबी मरियल सी होती है और आम तौर पर अनसुनी की जाती है। आम आत्मा शरीर छोड़ जाए तो जान पहचान के लोग दुनिया की प्रसिद्ध किताब फेसबुक में आरआईपी यानी 'आत्माजी, स्वर्ग में शांति से रहना' लिखकर अपना कर्तव्य निभाते हैं।

आत्मा में आत्मा यानी बोले तो अंतरात्मा भी होती है जिसकी मूक आवाज़ के आह्वान पर बड़े बड़े लोग अनूठे, असंभव काम कर दिया करते हैं। कृत्रिम बुद्धि युग में भी कर रहे हैं। बड़े आकार की आत्मा की आवाज़ कुछ भी करवा सकती है। उसके एक जबर्दस्त इशारे पर समाज और राजनीति में नए गुल खिलने लगते हैं। अंतरात्मा की आवाज़, स्वाभाविक है कुछ लोगों के शरीर के बाह्य, ऊपर, नीचे, दाएं या बाएं हिस्से में बसने वाली लघु आत्माओं की आवाजों में सबसे सशक्त मानी जाती है। यह ख़ास लम्हा बिना बताए आता है जब अंतरात्मा के ठीक अंदर, संभवत उसके भूखे पेट से आवाज़ निकलती है। यह जानदार आवाज़, समय, जगह व शुभ मुहर्त देखकर ही आती है लेकिन कोई औपचारिकता वगैरा नहीं मानती। ठीक भी है, अंतर की आत्मा, माफ़ करें अंतरात्मा की आवाज़ है किसी भूखे बच्चे का रोना नहीं। ऐसी आवाजों से यह ज्ञान भी प्राप्त होता है कि जीवित शरीर में आत्मा कभी चैन से नहीं रहती। भला जो आत्मा दुनियावी मसलों में, हाड़मांस के पुतले इंसान को ऐसे, वैसे न जाने कैसे कैसे गलत परामर्श दे रही हो, उसे निवृत होने के बाद तो नरक में ही जाना पडेगा न। उसे स्वर्ग में आसानी से अस्थायी सीट भी मिलने का सवाल पैदा नहीं होता। यह बात आम इंसान नहीं समझता तभी तो आत्मा के शरीर छोड़ने के अप्रत्याशित अवसर पर फेसबुक पर 'लाइक' का बटन भी दबा देता है, यह मानते हुए कि अमुक आत्मा इस नश्वर संसार के जंजाल से छूट गई है। वास्तव में बेचारी ज़्यादातर आत्माएं, इंसान की गलत करतूतों के कारण नरक में जाकर, निश्चित ही भांति भांति के कष्ट भोग रही होती हैं और इधर ज़्यादातर लोग यही कामना कर रहे होते हैं कि आत्मा को शांति मिले, स्वर्ग में आत्मा शांति से रहे। कुछ आत्माओं को महान घोषित किए जाने की राष्ट्रीय परम्परा भी है। जीवित बंदे शारीरिक मोह से छूट चुकी आत्माओं को झूठे ख़्वाब दिखा रहे होते हैं जबकि आत्मा इन तुच्छ विचारों से दूर शांत ही रहती हैं। छोटे छोटे स्वार्थों की गिरफ्त में फंसा आदमी, आत्मा को किसी महंगी चीज़ का टुकडा समझता है जिसे नरक में नहीं स्वर्ग में ही रखा जाना चाहिए। जब आत्मा, नश्वर शरीर में कुलबुला रही होती है, हम उसकी आवाज़ दबाते फिरते हैं और बाद में आत्मा की अंतरात्मा की ईमानदार आवाजें सुनने और सुनाने की कोशिशें करते रहते हैं।


लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप






मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ







# इतिहास रचने के नए अंदाज़ [व्यंग्य]

सुना है पिछले कुछ सालों में कुत्तों के काटने के मामले बढ़ रहे हैं। नेता काफी मुखर अशिष्टता का दामन थामे हुए हैं। इंसान ने कुत्तों से सचमुच काटना तो नहीं सीखा लेकिन ज़बान पर लाए शब्दों से तो काट ही रहा है।

कहीं पढ़ने में आया कि शांति स्थापित करने वाले देश में पशु आश्रय स्थलों में कुत्ते और बिल्लियों को मार दिया जाता है। हमारे यहां तो ऐसा नहीं हो सकता। यहां आश्रय मिलना और मारना दोनों व्यावहारिक स्तर पर मुशकिल हैं। लोकतंत्र से वफादारी निभाना आसान नहीं, इस मामले में भी इतिहास रचा जा रहा है।

यह भी इतिहास रचना ही है कि अधिकांश युद्ध अनुशासन और शांति स्थापित कर, शांति पुरस्कार हासिल करने के लिए लड़े जा रहे हैं। यह भी ऐतिहासिक है कि वफादारी के प्रतीक जानवर बारे, बड़ी बड़ी कुर्सियां और व्यक्तित्व लगभग लड़ते रहे और खींचतान जारी है। गरमी के मौसम में गरमा गर्म बहस चल रही है। कुछ इंसानी बयान स्थिति इतनी गंभीर कर देते हैं जितनी कुत्तों की गिनती में भी नहीं दिखती। अनेक सन्दर्भों में माफी की मांग भी हुई लेकिन माहौल इतना पारदर्शी है कि कोई किसी से आसानी से माफ़ी मांग कर या माफ़ कर किस्सा खत्म नही करना चाहता। इतने अच्छे या कद्र करने लायक सम्बन्ध नहीं रहे कि माफी मांगने के काबिल हों।

कुत्तों का मामला भी उनकी पूंछ की तरह टेढ़ा है। कुत्ते नहीं तो वोट नहीं जैसे पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इंसान के सबसे वफादार साथी कुत्तों की नसबंदी करवाई जा रही है। कुछ नेता ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए मतदाताओं को हांक रहे हैं। क्या हो गया अगर ज़िंदगी भर वफादार रहने वाले ने एक दो बार काट भी लिया। इतनी बढ़िया दवाइयां उपलब्ध हैं। इस बहाने शोर शराबे वाली रोज़मर्रा की ज़िंदगी से कुछ दिन आराम मिलेगा। छुट्टी आराम से मिलेगी। अखबार में फोटो सहित खबर छपेगी। हो सकता है दो चार चैनल वाले कवरेज करते हुए ज़िंदगी का पहला साक्षात्कार करें।

> **कुत्तों का मामला भी उनकी पूंछ की तरह टेढ़ा है। कुत्ते नहीं तो वोट नहीं जैसे पोस्टर लगाए जा रहे हैं। इंसान के सबसे वफादार साथी कुत्तों की नसबंदी करवाई जा रही है। कुछ नेता ज्यादा बच्चे पैदा करने के लिए मतदाताओं को हांक रहे हैं। क्या हो गया अगर ज़िंदगी भर वफादार रहने वाले ने एक दो बार काट भी लिया।**

कुत्ते आम तौर पर सामान्य व्यक्तियों को ही काटते हैं। आम व्यक्ति तो आम होते हैं उन्हें सुरक्षा नहीं दी जा सकती। ख़ास व्यक्ति जिन्हें आम तौर पर कुत्ते नहीं काटते, आम लोगों के लिए योजना बना सकते हैं। वैसे कौन सा कुत्ता काटेगा कौन सा नहीं, यह पहले से अंदाज़ा हो तो अलग बात है। किसी को कटवाना हो तो अग्रिम बुकिंग भी करवा सकते हैं। कुत्ते द्वारा काटे जाने की शैली पर उसकी नस्ल के हिसाब से मुआवजा मिल सकता है। भविष्य के लिए टांगों और बाजुओं पर पहने जाने वाले सख्त कवर मिल सकता है। किसी दूसरी जगह काट ले तो ऑटो बीमा स्कीम में मेडिकल बिल का भुगतान सरकार चाहे तो करे। जिस क्षेत्र में कुत्ते ज्यादा हों वहां एंटीरेबीज़ इंजेक्शन लगवाना ज़रूरी हो। कुत्ते के गले में उसका और उसके मालिक का पूरा लेमीनेट हुआ परिचय कार्ड लटका हो ताकि सम्पर्क करने में सुविधा हो । उसमें यह भी लिखा हो कि कितनी बार काट चुका है। कुछ कुत्ता स्वामी ऐसे होंगे जिनसे आम व्यक्ति सम्पर्क करने की हिम्मत न कर पाएंगे। कुत्ता लावारिस होगा तो वैसे भी कुछ नहीं हो पाएगा। वही कुत्ता सरकारी अफसर को भी काट ले तो संयुक्त बीमा क्लेम का सुअवसर हो सकता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762







बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172


## लव मर्जर...एक अडवांस प्रेम कथा



साइबर-सिल्वेस्टर ने उसे ढांढस बँधाया कि घबराओ मत, समाज अभी ट्रांजिशन फेज में है, धीरे-धीरे वह भी दूसरों के साथ ओपन-सोर्स होना सीख जाएगी। असल में एलेक्स का दुःख केवल एकतरफा नहीं था; वह इस बात से भी आहत था कि ज़ारा उसे किसी इंटरनेशनल मार्केट में लॉन्च करने के बजाय घर में ही डंप किए हुए थी। सन 2050 की उस सुनहरी और हाई-टेक सुबह में मोहल्ले के ऑक्सीजन-पार्क की आबोहवा ही कुछ और थी, जहाँ कंधे पर सिलेंडर लादे दो बुजुर्ग अपनी विंटेज यादों की फाइलें खोलकर बैठे थे। वे चर्चा कर रहे थे कि उनके जमाने में प्रेमी-प्रेमिका के घर के बाहर फिजिकल अटेंडेंस देते थे और पत्थर फेंककर खिड़कियाँ तोड़ने जैसे मैनुअल टास्क किया करते थे, पर आज का युग तो पूरी तरह रिमोट रोमांस और क्लाउड-बेस्ड अटैचमेंट का है। इसी बीच एलेक्स-पॉल अपने स्मार्ट ग्लास पर डेटा चेक करते हुए गहरी आहें भर रहा था, जिसे देखकर उसके मित्र साइबर-सिल्वेस्टर ने पूछा, क्या हुआ भाई? क्या तुम्हारी प्रेमिका किसी और के साथ लॉग-आउट कर गई या फिर तुम्हारा इमोशनल क्लाउड क्रैश हो गया? एलेक्स ने एक ऐसी दार्शनिक मुस्कान बिखेरी जिसे देखकर लगता था कि उसने अभी-अभी कोई बहुत बड़ा आध्यात्मिक घाटा सहा है। उसने कहा, नहीं यार, ट्रैजेडी तो यह है कि वह वापस आ गई! मैं अपनी पार्टनर ज़ारा-क्वांटम को तीन महीने के फ्री ट्रायल पर पड़ोसी के पास भेजकर आया था ताकि वह अपनी एक्सप्लोरेशन स्किल्स को अपग्रेड कर सके, पर वह तो कह रही है कि उसे मेरा ही सब्सक्रिप्शन रिन्यू कराना है। यह तो सरासर पिछड़ापन और बौद्धिक दिवालियापन है! उसे प्रोग्रेसिव होकर मल्टी-टास्किंग करनी चाहिए थी, किसी अजनबी के साथ अपने प्राइवेट मोमेंट्स की एचडी रील बनानी चाहिए थी, पर वह तो वापस आकर मेरे लिए चाय बनाने और लॉयल्टी निभाने जैसी दकियानूसी और सड़ी-गली बातें कर रही है। मैं तो सोच रहा हूँ कि इसकी शिकायत इमोशनल कंज्यूमर कोर्ट में कर दूँ।

साइबर-सिल्वेस्टर ने उसे ढांढस बँधाया कि घबराओ मत, समाज अभी ट्रांजिशन फेज में है, धीरे-धीरे वह भी दूसरों के साथ ओपन-सोर्स होना सीख जाएगी। असल में एलेक्स का दुःख केवल एकतरफा नहीं था; वह इस बात से भी आहत था कि ज़ारा उसे किसी इंटरनेशनल मार्केट में लॉन्च करने के बजाय घर में ही डंप किए हुए थी। एलेक्स चाहता था कि ज़ारा उसे किसी हाई-प्रोफाइल मेटावर्स किटी पार्टी में ऑफर करे, ताकि उसे भी अपनी मार्केटिंग वैल्यू और ग्लोबल डिमांड का अंदाजा हो सके। उसे चिढ़ इस बात की थी कि जब पूरी दुनिया शेयरिंग इकोनॉमी के सिद्धांतों पर चल रही है, तो ज़ारा उसे अपना प्राइवेट असेट और घरेलू सामान क्यों समझ रही है? वह तो उस आधुनिक पुरुषार्थ का स्वप्न देख रहा था जिसमें ज़ारा उसे किसी दूसरी महिला के साथ डेट पर भेजकर खुद बाहर से कमरा लॉक करे और उस पूरे डेटा को क्लाउड पर लाइव स्ट्रीम करके प्रोग्रेसिव पार्टनर का सर्वोच्च गोल्ड मेडल जीते। इधर शहर के स्यूडो-इंटेलेक्चुअल बुद्धिजीवी एक फाइव स्टार कन्वेंशन सेंटर में सेमिनार कर रहे थे कि पुराने जमाने के प्रेमी कितने अकुशल और अनप्रोफेशनल थे जो ईर्ष्या और पजेसिवनेस के चक्कर में हिंसक हो जाते थे। मंच पर खड़ा रिलेशनशिप एल्गोरिदम स्पेशलिस्ट चिल्ला रहा था, साथियों, असली पुरुषार्थ उसे अपनी बाहों में जकड़ने में नहीं, बल्कि उसे दूसरे की बाहों में जाते हुए लाइव स्ट्रीम करने और उस पर सोशल मीडिया लाइक्स बटोरने में है! जो प्रेमी अपनी प्रेमिका का दूसरा प्रेमी खुद शॉर्टलिस्ट नहीं करता, वह प्रेमी नहीं, लव-टेररिस्ट है। एलेक्स ने अब ज़ारा-क्वांटम को आखिरी अल्टीमेटम दे दिया—ज़ारा, अगर तुम अगले हफ्ते तक किसी अजनबी के साथ इंटीमेट-डेट पर नहीं गई और मुझे उसकी बिहाइंड द सीन्स फोटोज और सेंसरी डेटा नहीं भेजा, तो मैं तुम्हें अपनी लाइफ की फ्रेंड-लिस्ट से हमेशा के लिए ब्लॉक कर दूँगा। बेचारा एलेक्स चाहता था कि उसकी प्रेमिका समाज की मेनस्ट्रीम प्रोग्रेसिविटी में आए और किसी अजनबी के साथ अपने एकांत के पलों को सोशल मीडिया पर लाइव करे ताकि उसे मोस्ट इवॉल्व्ड मेल का टैग मिले। 2050 का यह नया रिलेशनशिप मॉडल उन सभी पुरानी क्रिमिनल एक्टिविटीज का एक परमानेंट और सस्टेनेबल समाधान बनकर उभरा था। अब पजेसिवनेस एक गंभीर मानसिक बीमारी घोषित हो चुकी थी और शेयरिंग को ही सर्वोच्च वर्चुअल वर्चू माना जाता था। एलेक्स जैसे न्यू-एज लवर्स का मानना था कि हत्या करना वेस्ट ऑफ रिसोर्स और डाटा-लॉस है, जबकि प्रेमिका को शेयर करना एक दीर्घकालिक सोशल इन्वेस्टमेंट है। प्रेमिका भी अब किसी दूसरे के साथ अपने आत्मीय पलों को प्रेमी के साथ रियल-टाइम में साझा करती है, जिससे प्रेमी को घर बैठे ही वॉयुरिस्टिक किक मिलती है और उसे क्राइम पेट्रोल का हिस्सा नहीं बनना पड़ता। यह डिजिटल सतीत्व का वह महान दौर है जहाँ धोखा शब्द डिक्शनरी से पूरी तरह डिलीट कर दिया गया है और उसकी जगह को-ऑपरेटिव रोमांस ने ले ली है, जहाँ हर कोई एक ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर की तरह डाउनलोड और अपलोड के लिए उपलब्ध है। एलेक्स का दिमाग इस कदर ग्लोबल हो चुका था कि उसने खुद के लिए भी नए रास्ते तलाशने शुरू कर दिए थे। उसने हॉट-स्वैप डेटिंग ऐप के अल्ट्रा-प्रो-मैक्स वर्जन पर अपनी प्रोफाइल बनाई। एलेक्स ने अपनी शक्ल पर इतने साइबर-फिल्टर्स, एआई-मास्क और एल्गोरिथम-स्किन थोप दिए थे।

कि अगर उसका अपना आधार कार्ड या डीएनए रिपोर्ट उसे


नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170